भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1226**
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना

+1226. श्री जयंत सिन्हाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार स्वदेश दर्शन योजना की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या और अधिक विषय आधरित पर्यटक परिपथ को शामिल करने के लिए इस योजना का विस्तार करने की योजना है;

(ग) क्या झारखंड में भी इन चल रही/नियोजित विषय आधरित परिपथों का विस्तार करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से **(घ):** देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष **2014-15** में स्वदेश दर्शन योजना प्रारंभ की थी । जनवरी **2015** में इस योजना को आरंभ किए जाने के बाद से मंत्रालय ने **5813.55** करोड़ रु. की राशि से **76** परियोजनाएं स्वीकृत की है जिनमें से **7** परियोजनाएं पूरी हो चुकी है और **26** परियोजनाएं पूरी होने वाली है । इस योजना के तहत नई परियोजनाओं की स्वीकृति समीक्षाधीन है ।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष **2018-19** में **52.72** करोड़ रु. की राशि से स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत झारखंड में 'डालमा - चांडिल - गेटलसूद - बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिर्चैया - नेतरहाट के विकास' की एक परियोजना को स्वीकृति दी है ।

*****